हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

06 कौन सुने अन्नदाता की मजबूरी?, कड़ाके की...



07 'भविष्य से भेंट': एसडीएम ने स्कूली...





## आगामी दिनों में और बढ़ेगी आवक, टैक्टर-ट्रॉली और छोटे लोडिंग वाहनों से भरा नजर आया मंडी परिसर

# मंडी में बंपर आवक : 800 से अधिक वाहनों में 15 हजार क्विंटल उपज लेकर पहुंचे अन्नदाता

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आसपास के जिलों की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार सीहोर कृषि उपज मंडी इन दिनों गेहूं की दमक से चमक रही है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की आवक अब अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। सोमवार को मंडी परिसर में चारों ओर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें नजर आईं। दिन भर में लगभग 15 हजार क्विंटल अनाज की आवक दर्ज की गई।

बता दें सप्ताह के पहले दिन सोमवार को किसान अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में मंडी पहुंचे। सुबह से ही मंडी के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का तांता लग गया था। गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि सोमवार को कुल 805 वाहनों के माध्यम से उपज मंडी पहुंची। इसमें करीब 600 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 200 से अधिक लोडिंग वाहन (जैसे 207 और 407) शामिल थे। मंडी परिसर पूरी तरह वाहनों से खचाखच भरा रहा, जिससे नीलामी प्रक्रिया में भी काफी समय लगा।

### शरबती की चमक और दामों में तेजी

मालूम हो कि सीहोर का शरबती गेहूं न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी गुणवत्ता, मिठास और चमक के लिए प्रसिद्ध है।



**मंडी में कुल 15 हजार क्विंटल आवक**

गेहूं: 12000 क्विंटल
सोयाबीन: 2000 क्विंटल
मक्का व अन्य: 1000 क्विंटल



सोमवार को हुई कुल आवक में सबसे अधिक आकर्षण शरबती गेहूं का रहा। शरबती गेहूं के भाव 3000 से लेकर 44 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। वहीं सामान्य गेहूं 2300 से 2800 प्रति क्विंटल के भाव पर बिकीं। बता दें शरबती की मांग देश के महानगरों जैसे मुंबईए दिल्ली और पुणे में अधिक होने के कारण किसानों को अच्छे दामों की उम्मीद है।

### आवक ने पकड़ी गति

मंडी के वरिष्ठ गल्ला व्यापारी अनिल पालीवाल ने बताया कि नए गेहूं की आवक अब पूरी गति पकड़ चुकी है। उन्होंने कहा सीहोर मंडी अपनी पारदर्शिता और शरबती गेहूं की क्वालिटी के कारण किसानों की पहली पसंद है। वर्तमान में जो आवक शुरू हुई है, वह शुरुआती रुझान है। आने वाले एक-दो सप्ताह में यह आवक दोगुनी होने की संभावना है।

### फसलों की कटाई अंतिम दौर में

किसान रामचंदर परमार ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की पैदावार अच्छी हुई है। होली के बाद और मौसम में सूरज के तेवर तीखे होने से के साथ ही फसलों की कटाई तेज हो गई थी। बाद में बारिश के कारण गेहूं की चमक फीकी पड़ी है। आगामी दिनों में मंडी में आवक और बढ़ेगा। बता दें मंडी की इस रौनक से न केवल व्यापारियों के चेहरों पर खुशी है, बल्कि परिवहन व्यवसाय और मंडी से जुड़े मजदूरों को भी रोजगार मिल रहा है। मण्डी प्रबंधन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज की सुरक्षा के लिए तिरपाल साथ लाएं और मंडी के नियमों का पालन करें।



## खबर संक्षेप

### भगवान गणेश को समर्पित किया आमंत्रण

**सीहोर।** शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी। प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। इसे लेकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का सोमवार को श्रीगणेश किया गया है। यज्ञ व्यवस्थापक और यज्ञाचार्य सहित क्षेत्रवासियों ने शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश को आमंत्रण समर्पित किया। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है।

### अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज

## मौसम में उतार-चढ़ाव : दोपहर में तेज धूप, रात में बारिश, वेस्टर्न सिस्टम सक्रिय, हो सकती है बारिश



**सीहोर।** जिले में अप्रैल माह के पहले सप्ताह में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। दिन में जहां तेज धूप और गर्मी रहती है, वहीं शाम को अचानक मौसम बदलकर आसमान में काले बादल छा जाते हैं। बीते 24 घंटे के दौरान सीहोर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अप्रैल माह की शुरुआत से ही मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दोपहर में तेज धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले 24 घंटों में जिले के कई स्थानों पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई। आज का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कल के 38 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ सिस्टम के कारण मौसम का मिजाज बदला है। इस समय वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी सक्रिय है। बताया गया है कि आगामी दिनों में बारिश का एक और सिस्टम सक्रिय होने वाला है, जिसके कारण अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

**अप्रैल के पहले सप्ताह के तापमान का विवरण**

01 अप्रैल: 36 डिग्री सेल्सियस
02 अप्रैल: 32 डिग्री सेल्सियस
03 अप्रैल: 38 डिग्री सेल्सियस
04 अप्रैल: 34 डिग्री सेल्सियस
05 अप्रैल: 38 डिग्री सेल्सियस
06 अप्रैल: 39 डिग्री सेल्सियस

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा।

## 332 में से 315 नलजल योजनाएं पूरी:17 योजनाओं का काम 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य, 124 शिकायतें निपटीं

**सीहोर।** जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 332 नलजल योजनाओं में से 315 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग और जल निगम को ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति बाधित न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

शेष 17 योजनाओं को आगामी 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने सभी पूर्ण कार्यों को समय पर हैंडओवर करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। विकास कार्यों के दौरान पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त होने पर उन्हें तत्काल दुरुस्त करने को भी कहा गया है।

पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए खंड एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम में अब तक प्राप्त 156 शिकायतों में से 124 का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर बोले- पेयजल आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि ग्रीष्मकाल में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि अधिकारी कार्यों को गंभीरता से नहीं लेंगे या एक-दूसरे पर टालेंगे, तो नागरिकों को परेशानी होगी। जहां पानी की



उपलब्धता नहीं है, वहां ट्यूबवेल खनन को नदी-तालाब के आसपास प्राथमिकता देने को कहा गया है। जिले में हैंडपंपों का नियमित संधारण अनुबंधित एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है। जलस्तर गिरने की स्थिति में राइजर पाइप बढ़ाने, सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित करने और नलकूपों की सफाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। मार्च 2026 में 12 नलकूपों की सफाई कर उन्हें पुनः चालू किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले को 30 नए हैंडपंप खनन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत जल संकट वाले गांवों में कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कम जल वाले नलकूपों को चिन्हित कर रिचार्ज शाफ्ट एवं पिट निर्माण के माध्यम से जलस्तर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

## बिजली संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए समाधान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को समय पर राहत पहुंचाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण में देरी के कारण लोगों को अनावश्यक परेशानी होती है और कई बार यह आक्रोश का कारण बनती है। अतः शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए।

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन आमजन की समस्या से जुड़ा होता है, इसलिए उन्हें गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में समाधान किया जाए। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सीएचएमओ, डीईओ एवं डीपीसी को लक्षित वर्ग तक अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने, जागरूकता बढ़ाने और अभियान की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरे किए जा सकें। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने नेशनल हाईवे एवं रेलवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अर्जन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को समय पर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा का तत्काल समाधान किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी आने से जिले में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और आमजन को बेहतर आवागमन व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद का वितरण केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किया जाए, ताकि किसानों को लाइन में लगने या अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। वितरण केंद्रों पर छाया, पानी और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने खाद दुकानों की नियमित जांच करने और अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने गर्मी की मूंग फसल को ध्यान में रखते हुए नकली बीज विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण बीज ही उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सही बीज चयन के बारे में मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से नरवाई जलाने की घटनाओं पर भी कलेक्टर बालागुरू के. ने सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ऐसे मामलों की पहचान कर संबंधित किसानों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाए। साथ ही किसानों को जागरूक किया जाए कि वे नरवाई जलाने के स्थान पर वैकल्पिक उपाय अपनाएं।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जीमल खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाती मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### क्रिसेंट चौराहा के पास आयोजित हुआ कार्यक्रम, सीएम और प्रदेश अध्यक्ष भी वर्चुअली जुड़े

# भाजपा का बनने वाला 'सौभाग्यशाली' कार्यालय, तीन जिलाध्यक्षों के कार्यकाल में तीसरी बार हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपने जिला कार्यालय के लिए दशकों पुराना इंतजार अब खत्म होने की राह पर है। सोमवार को भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर क्रिसेंट रिसोर्ट चौराहे के समीप भाजपा के नवीन जिला कार्यालय का भूमिपूजन संपन्न हुआ। हालांकि इस कार्यालय के साथ एक दिलचस्प इतिहास भी जड़ गया है। यह जिला भाजपा का वह 'सौभाग्यशाली' कार्यालय होगा, जिसका अब तक तीन अलग-अलग जिलाध्यक्षों के कार्यकाल में भूमिपूजन हो चुका है।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा का विषय है कि भाजपा का यह बनने वाला कार्यालय कई जिलाध्यक्षों के कार्यकाल का साक्षी बनेगा। सोमवार को वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के नेतृत्व में इसका विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब इस भवन की नींव रखी गई हो। इससे पहले तत्कालीन जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी के कार्यकाल में भी इस कार्यालय का भूमिपूजन हुआ था। उसके बाद रवि मालवीय के जिलाध्यक्ष रहते हुए भी इसकी आधारशिला रखी गई थी। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत ने इसका भूमिपूजन किया था। उस वक्त कहा गया था कि भाजपा अगले



100 साल तक सत्ता में रहेगी और कार्यकर्ताओं को हाईटेक होना पड़ेगा। अब तीसरी बार नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल में हुए इस भूमिपूजन से कार्यकर्ताओं में यह उम्मीद जगी है कि इस बार निर्माण कार्य धरातल पर उतरेगा और पूर्ण होगा।

**वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष :** सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर है और यह कार्यालय संगठन की मजबूती का केंद्र बनेगा। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि हमें इस कार्यालय का निर्माण एक वर्ष के भीतर पूर्ण करना है, ताकि अगले वर्ष 6 अप्रैल को ही इसका लोकार्पण किया जा सके।

**अनेक बड़े नेता रहे मौजूद :** कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड स्थित पुराने कार्यालय पर झंडा वंदन के साथ हुई, जिसके बाद सभी नेता क्रिसेंट चौराहे के पास स्थित प्रस्तावित स्थल पर पहुंचे। यहां जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, गोपाल इंजीनियर, युवा नेता कार्तिकेय चौहान, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और जिला प्रभारी विकास विरानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यह ऑफिस नहीं, हमारा देवालय होगा

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि हमारे लिए कार्यालय महज एक ऑफिस नहीं, बल्कि एक देवालय होगा। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि यह भवन संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। युवा नेता कार्तिकेय चौहान ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस संगठन से जुडक़र राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### कार्यकर्ताओं के लिए बनेगा प्रेरणा केंद्र

जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि यह नवीन कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा। कार्यक्रम का संचालन नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी, ललित नागोरी, तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता, जितेंद्र गौड़, तारा कटारिया सहित जिले भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाईटेक होगा नया भवन

बता दें प्रस्तावित जिला कार्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें बड़े सभागार, आईटी सेल, कॉन्फ्रेंस रूम और ठहरने की व्यवस्था होगी। किसी भी संगठन का कार्यालय उसकी गतिविधियों का केंद्र बिंदु होता है। ऐसे में सीहोर भाजपा के लिए यह भवन न केवल प्रशासनिक सुविधा देगा, बल्कि जिले भर की राजनीतिक गतिविधियों को यहीं से संचालित किया जाएगा। अब कार्यकर्ताओं की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या अगले एक साल में इस बहुप्रतीक्षित कार्यालय का सपना सच हो पाता है।

## खबर संक्षेप



### एकलव्य क्रिकेट टीम ने यंग स्टार को आठ विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को दो मुकाबले खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला एकलव्य क्रिकेट टीम ने यंग स्टार को आठ विकेट से दूसरे मुकाबले में डीसीए ने आईपीसीए को 17 रन से हराया। इस मौके पर सीएम स्पोर्ट्स क्लब और डीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 125 रन बनाए थे। इसमें नीरज मेहरा ने 32 रन, संजय पेशवानी ने 10 रन, नदीम खान ने 24 रन और छोटू खान ने 22 रन की पारी खेली थी। इधर एकलव्य टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित शर्मा ने तीन विकेट, मोनू-मयंक ने दो-दो विकेट और आशीष-देवेन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य टीम ने विजय लक्ष्य 12.5 ओवर में आठ विकेट से जीता। इसमें अमित शर्मा ने 28 गेंद पर 54 रन, आशीष ने 26 रन, मयंक जैन ने 23 रन और जितेन्द्र जायसवाल ने 18 रन बनाए थे। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एक अन्य मुकाबले में डीसीए ने आईपीसीए को 17 रन से हराया।

### विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाई, मौत

**भैरुंदा।** तहसील के ग्राम पंचायत नंदगांव में 30 साल की दीपाली मुकाती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। परिजन दीपाली को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों को सौंप दिया गया। टीआई घनश्याम दांगी ने बताया कि दीपाली मुकाती ने करीब दोपहर 12 बजे के आसपास गुस्से में आकर यह कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

मंडी प्रशासन किसानों से शुल्क तो वसूलता है, लेकिन सुविधा के नाम पर केवल धोखा, अन्नदाता हो रहे परेशान

# कौन सुने अन्नदाता की मजबूरी?, कड़ाके की धूप में ट्रैक्टर-ट्रॉली बन रहे छांव का सहारा

लंबी छुट्टी के बाद जब सोमवार को मंडी खुली तो मंडी प्रशासन की व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

देशवासियों का पेट भरने के लिए अन्नदाता रात दिन मेहनत करता है। इसी फसल के सहारे देश में निवास करने वाले प्रत्येक नागरिकों निवाला मिल पाता है। किसान यदि कड़ाके की ठंड और 45 डिग्री सेल्सियस तापमान की गर्मी मैं अपने खेतों में काम करना बंद कर दे तो समझ लेना कि उसे दिन इस देश से अन्न का भंडार खत्म हो जाएगा। लेकिन किसानों की इस मेहनत और उन्हें होने वाली परेशानियों से किसी को कोई मतलब नहीं है। यह देश राजनीतिज्ञों का है, जहां किसानों को मोहरा बनाया जाता है, उनके नाम पर वोट बटोरे जाते हैं, 0 प्रतिशत सब्सिडी के नाम पर उनसे पूरा ब्याज वसूला जाता है। जब बात किसानों को सुविधाएं देने की आती है तो मंच से बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत में किसान कड़ाके की ठंड, चुभती धूप में परेशान होकर व्यवस्थाओं का इंतजार करता है।

यहां पर नतीजा किसानों के पक्ष में नहीं होता और बाद में उनकी सुनने वाला भी कोई नहीं। कुछ ऐसे ही हालात जमीनी हकीकत पर भैरूंदा क्षेत्र के किसानों के देखने को मिले। लंबी छुट्टी के बाद जब सोमवार को मंडी खुली तो मंडी प्रशासन की व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर हो गई। किसान अपनी उपज बेचने के लिए एक दिन पहले ही मंडी पहुंचा था लेकिन जगह का अभाव किसानों के लिए फजियत बन गया। बिना सुविधाओं के किसानों को नवीन कृषि उपज मंडी के साथ ही इंदौर रोड स्थित एक निजी जमीन पर ट्रैक्टर ट्राली लेकर खड़ा करवाया गया। रात में घुप्प अंधेरा और बरसात का टेशन किसानों के लिए रतजगे के समान था।

जैसे तैसे रात तो निकली लेकिन दिन निकलते ही कड़ाके की धूप और तेज गर्मी ने उनकी दिक्कतों को और अधिक बढ़ा दिया। पीने के पानी की व्यवस्था किसानों को स्वयं करनी पड़ी। छांव के इंतजाम मौजूद नहीं थे तो ट्रैक्टर ट्राली ही उनके लिए सहारा बने। इतनी दिक्कत झेलने के बावजूद भी उनकी परेशानी कम नहीं हुई और मंडी प्रांगण पहुंचते ही नीलामी प्रक्रिया पर विराम लग गया। ऐसी दशा में उन्हें फिर से एक रात और काटने को मजबूर होना पड़ा। किसानों की यह दुर्दशा आज से नहीं बल्कि लंबे समय से हो रही है लेकिन इस और ध्यान देने वाला कोई नहीं।





### तेज धूप लू के थपेड़ों के बीच नसीब नहीं हुई पानी की बूंद

सोमवार को मौसम का पारा 35 डिग्री के आसपास बना हुआ था। दिन के समय तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच किसान भूखे-प्यासे भटकने को मजबूर थे। मंडी प्रांगण में तो किसानों ने जैसे तैसे अपनी व्यवस्था बना ली लेकिन इंदौर रोड की निजी कॉलोनी पर खड़े किसानों के सामने पानी की एक बूंद को सहने की व्यवस्था भी बनाना थी। पानी की एक बूंद तक के लिए उन्हें अनाज से भरे ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर दूर जाना पड़ा। मंडी प्रशासन का मानना है की आवक अत्यधिक होने के चलते व्यवस्थाएं समय पर नहीं हो सकी लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि जब रविवार दोपहर से ही आवक की स्थिति नजर आ रही थी। मंडी परिसर फुल हो चुका था और तो अन्य जगहों पर व्यवस्थाएं बनाई गई थी तो फिर रात रुकने व दिन के समय विश्राम करने के लिए व्यवस्थाएं बनाने पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया।

### दो साल से अधूरा पड़ा नवीन मंडी निर्माण

इधर, राला के पारदीपूरा टप्पर पर बन रही नवीन कृषि उपज मंडी का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से अधर में लटका हुआ है। निर्माण एजेंसी के इंजीनियर सागर के अनुसार पारदी समुदाय द्वारा किए गए कब्जों के कारण कार्य में लगातार बाधा आ रही है। आरोप है कि कई स्थानों पर स्थायी ढांचे और कब्रनुमा निर्माण कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। जबकि राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा जमीन से कब्जे को हटाकर मंडी प्रशासन के सुपुर्द किया जा चुका था। इसके बावजूद भी मंडी प्रशासन ने समय पर काम करने की सुध नहीं ली। नतीजा यह है कि अतिक्रमणकारियों ने वापस कब्जा जमा कर फसल लेना शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर ट्रॉली बने छांव के लिए सहारा- तेज गर्मी ने बढ़ाई कई किसानों की परेशानी

कृषि उपज मंडी समिति तो केवल किसानों से टैक्स की वसूली करने जितना मतलब रखती है। उन्हें व्यवस्थाएं देने के नाम पर हमेशा ही डाल मेटल करना इनकी नियति में शामिल है। इसका सीधा सा उदाहरण सोमवार को उसे समय देखने को मिला जब अपनी उपज मंडी में बेचने आए किसानों को छांव तक नसीब नहीं हो सकी। किसान कड़ाके की धूप में छांव की तलाश करते रहे लेकिन जब कोई व्यवस्था नहीं लगी तो ट्रैक्टर ट्राली ही उनका सहारा बनी। ट्राली के नीचे बैठकर पूरा दिन काटना पड़ा।

### सड़को पर जाम, घंटों इंतजार से बढ़ी मुसीबत

मोती बिहार कॉलोनी से जब ट्रैक्टर-ट्रालियों को मंडी की ओर भेजा जाता है, तो मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग जाता है। वाहनों की कतारें दूर तक फैल जाती हैं, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस अव्यवस्था का खामियाजा आमजन को भी भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें यातायात बाधित होने से परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

मंडी सचिव रामदास गोलई ने बताया कि नवीन कृषि उपज मंडी में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। रात के समय दो सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। गनमैन की व्यवस्था के लिए मंडी बोर्ड को लिखित में अनुरोध भेजा गया है। आदेश मिलते ही उनकी तैनाती कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोती बिहार क्षेत्र में किसानों के लिए अस्थायी व्यवस्था की गई है। सोमवार को अधिक आवक होने के कारण कुछ किसानों को रोकना पड़ा। लेकिन उनके लिए छांव, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया आंदोलन

**बुधनी।** सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। वहीं महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार ललित सोनी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों की फसलें खलिहानों में रखी हुई हैं सरकार द्वारा बार-बार तुलाई की समय सीमा बढ़ाई जा रही है असमय बारिश होने के कारण फसलें खराब होने का अंदेशा बना हुआ है गेहूं तुलाई की तारीख निश्चित की जाए। इसी तरह रसोई गैस के दामों में वृद्धि की गई है जिसे वापस लिया जाए डीजल,पेट्रोल की वितरण प्रणाली में सुधार किया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान नेता छगनलाल दुबे,वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारिक पटेल,माखनलाल मीणा,पूर्व पार्षद अजय यादव,ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय,युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,कपिल मल्होत्रा,दिनेश राजपूत,बहोरन दायमा, हेमंत वर्मा, पुरुषोत्तम मीणा, प्रकाश चंद दायमा, राजीव दुबे,राजकुमार ठाकरे,मोहित उईके,रामविलास, काशीराम ओझा, राजेश यादव,दिलीप कीर,दीपक वर्मा, जावेद खान,विशाल यादव आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।



## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर होगा कार्यक्रम



**रेहटी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रेहटी नगर के पुराना बस स्टैंड पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके लिए बड़े जोर शोर से तैयारी चल रही है, आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। दलित पिछड़ा आदिवासी समाज संगठन के तत्वाधान में इस वर्ष भी आगामी 15 अप्रैल दिन बुधवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाया जाना है यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष भी बहुत बड़े स्तर पर मनाया जाना है। रेहटी क्षेत्र में भव्य रूप से मनाया जाने वाले इस कार्यक्रम में दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव मंडल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है ,आयोजन समिति अध्यक्ष सचिन प्रजापति चकल्दी को बनाया गया है उपाध्यक्ष विपत सिंह उईके वरिष्ठ समाजसेवी सलकनपुर एवं सुरेंद्र साकल्ले श्यामूगांव को बनाया गया है, वहीं सचिव धरम सिंह गोयल सलकनपुर , सहसचिव श्रीमती आशा बरखने रेहटी, संयोजक मुकेश धनवारे आमडो, सहसंयोजक चंपालाल कामले बोरघाटी, मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह कुशवाहा रेहटी, राजेश धनवारे चकल्दी, बृजेश बकोरिया होलीपुरा एवं विजय मारोठिया कोलार कॉलोनी रेहटी को आयोजन समिति का संरक्षक बनाया गया है। दलित पिछड़ा समाज संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी भव्य स्तर पर यह कार्यक्रम मनाया जाएगा।

जिसमें बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के समक्ष कैंडल जलाकर पुष्पांजलि अर्पित कर विशाल आम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य वक्ता दामोदर यादव मंडल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों मे कार्यकर्ताओं से मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने हेतु बैठकों का दौर जारी है। क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पीएम आवास योजना से लें घर, होम लोन के ब्याज में 2.67 लाख रुपए तक मिलेगी छूट

**सीहोर।** यदि आपके पास खुद का घर नहीं है, तो आवास योजना मददगार हो सकती है। यह योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लागू है। यदि आप आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) या मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) में आते हैं, तो आप योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में खुद का घर बनाने और खरीदने, दोनों पर केंद्र सरकार सब्सिडी देती है। क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के तहत होम लोन के ब्याज में छूट मिलती है। यह छूट 2.67 लाख रुपए तक हो सकती है। ईडब्ल्यूएस, यानी सालाना 3 लाख रुपए तक आय वाले। कैसे मिलेगा लाभः सरकार घर बनाने या खरीदने के लिए सीधे 1.2 से 2.5 लाख रुपए तक आर्थिक मदद देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर बिना लोन के भी सहायता मिल सकती है। आवेदन प्रक्रियाः ग्राम पंचायत/नगर पालिका में आवेदन करें। कॉमन सर्विस सेंटर पर भी जा सकते हैं। आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और जमीन से जुड़े दस्तावेज जरूरी होंगे। 2. एलआईजी, यानी सालाना 3 लाख से 6 लाख रुपए आय। कैसे मिलेगा लाभः इस वर्ग को होम लोन के ब्याज में सब्सिडी मिलती है। घर लेने पर अधिकतम 6 लाख रु. तक के लोन पर 6.5% तक ब्याज सब्सिडी मिलती है।

**आवेदन प्रक्रियाः** किसी भी बैंक या हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से होम लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सब्सिडी के लिए आवेदन बैंक के माध्यम से होता है। यह प्रक्रिया बैंक ही करते हैं। 3. मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) : इस वर्ग में सालाना 6 लाख से 12 लाख रुपए आय वाले लोग शामिल होते हैं। एमआईजी में एक श्रेणी एमआईजी-2 भी है। इसमें आय सीमा 18 लाख रुपए तक है। कैसे मिलेगा लाभः एमआईजी-1 को 4% और एमआईजी-2 को 3% ब्याज सब्सिडी मिलती है। सब्सिडी एमआईजी-1 में 9 लाख,एमआईजी-2 में 12 लाख तक मिलेगी।

## बुधनीः पुस्तक मेला पहले दिन ही फीका, कई स्टॉल खाली रहने से व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ विद्यार्थियों को सस्ती दरों पर कॉपी-किताबें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा विभाग द्वारा सांदीपनि विद्यालय में चार दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। हालांकि, मेले के पहले ही दिन अव्यवस्थाएं और सीमित भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मेले का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशि सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य सुधा सालोमन, उप प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह जामालिया, हरदयाल सिंह आजाद सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे। पालकों और विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही। विभाग द्वारा करीब 10 स्टॉल लगाए गए थे, लेकिन पहले दिन केवल 4 विक्रेताओं ने ही दुकानें लगाईं, जबकि अधिकांश स्टॉल खाली पड़े रहे। इससे साफ है कि स्थानीय व्यापारियों की रुचि अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है, लेकिन दोपहर बाद अधिकांश स्टॉल सूने नजर आए। इससे मेले की व्यवस्थाओं और निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नगर के कई स्कूलों में अभी तक नए सिलेबस की सूची विद्यार्थियों को नहीं मिल सकी है, जिससे अभिभावक और छात्र असमंजस की स्थिति में हैं और मेले का पूरा लाभ नहीं ले पा रहे हैं। हालांकि, मेले को आकर्षक बनाने के लिए 'बुक रीडिंग कॉर्नर' और 'कहानी सुनाओ' जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं, जो बच्चों के बीच कुछ हद तक आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशि सिंह का कहना है कि मेला आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा और आने वाले दिनों में अधिक विक्रेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे विद्यार्थियों और पालकों को बेहतर सुविधा मिल सके।




ओवरलोड वाहन तेज आवाज में बजते हुए गानों के साथ भर रहे फर्राटे

# बिना नंबर के तेज गति दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हो रहा रेत परिवहन, बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नर्मदा तट दिमाबर, अंबा कदीम, बड़गांव, छिदगांव, मंडी, सीलकंठ, सातदेव, रानीपुर, चौरसाखेड़ी और छिपानेर सहित कई घाटों पर दिन-रात रेत का उत्खनन और परिवहन जारी है। हैरानी की बात यह है कि इस अवैध कारोबार में लगे कई ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर प्लेट के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक ये ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की संकरी गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक तेज रफ्तार में दौड़ते हैं। कई वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं होने के कारण उनकी पहचान तक संभव नहीं हो पाती। स्थिति यह है कि ट्रैक्टर चालक खुलेआम यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और प्रशासन की कार्रवाई का कोई डर नजर नहीं आता। ग्रामीणों का कहना है कि रेत से भरी ट्रॉलियों के साथ चालक रेस लगाते हुए निकलते हैं। तेज गति के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों और बुजुर्गों को है। कई बार छोटे-बड़े हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। खनिज और परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर छोटे वाहनों पर जुर्माना लगाकर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, जबकि अवैध रेत परिवहन में लगे बड़े वाहन बेखौफ घूमते रहते हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की नजर इन पर नहीं पड़ती। इससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



### बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

क्षेत्र में स्कूल खुल चुके हैं और सैकड़ों छात्र-छात्राएं रोजाना गांव से स्कूल तक आवागमन करते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण अभिभावकों में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को घर से बाहर भेजना भी जोखिम भरा हो गया है।

### लगाम की मांग तेज

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट और अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाए। साथ ही नर्मदा तटों पर अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ते हादसों के खतरे को कम किया जा सके।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सीहोर जिले के ग्राम रामाखेड़ी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 1 बजे ग्राम रलावती पहुंचेंगे और नवीन मार्ग का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे ग्राम सागोनी और दोपहर 3 बजे ग्राम शिकारपुर पहुंचेंगे और नवीन मार्ग का लोकार्पण करेंगे।

### नरसिंहगढ़ में विद्यार्थियों को सिखाया समय प्रबंधन और अनुशासन का महत्व

# 'भविष्य से भेंट' : एसडीएम ने स्कूली विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

स्थानीय सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में एसडीएम सुशील कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों की क्लास ली, बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी मूलभूत सिद्धांतों पर भी विस्तार से चर्चा की। पीपीटी के जरिए समझाया सफलता का मार्ग एसडीएम सुशील कुमार ने आधुनिक तकनीक (पीपीटी) का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को एकाग्रता और लक्ष्य निर्धारण के गुर सिखाए। उन्होंने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर जोर दियाः अनुशासनः सफलता की पहली सीढ़ी स्वयं पर नियंत्रण है। समय प्रबंधनः समय का सही सदुपयोग ही प्रतियोगी परीक्षाओं में जीत दिलाता है। संवेदनशीलताः अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सजग और संवेदनशील रहें। कॅरियर काउंसलिंग और नैतिक शिक्षा सत्र के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं और 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए नैतिक दायित्वों का पालन करना भी अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और सफलता मिलने तक निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन ही वह कुंजी है, जो उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलती है। सुशील कुमार, एसडीएम इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजादित्य सक्सेना, समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ओम शांति महिला मंडल ने मेहंदी और रंगोली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



नरसिंहगढ़। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा का आयोजन महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर मार्गदर्शन किया। परामर्शदाता हरिओम जाटव ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी है ' उन्होंने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जल स्रोतों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन-आंदोलन है।

### 15 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

# मंसूरी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 58 जोड़े बने हमसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर जनपद पंचायत के ग्राम मऊ में मंसूरी समाज का वैवाहिक सामूहिक सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें समाज के करीब 58 जोड़ों का निकाह कुबूल किया गया। अमजेरी मंसूरी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस शादी सम्मेलन कार्यक्रम मे समाजजनों ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की थी। सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुबारिक मंसूरी, फिरोज मंसूरी ठेकेदार एवं मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि शादी समारोह में अलग-अलग खर्च होने वाली फिजुल खर्ची को रोकने के लिए समाज के द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज को अनावश्यक खर्च से बचाते हुए आपसी तालमेल और एकता भाईचारा पैदा करना है। हमारी तैयारियों में सभी युवा, वरिष्ठ समाजजन सहयोग करते हुए सम्मेलन को सफल बनाया है। कमेटी ने बताया कि 58 से ज्यादा जोड़ो का निकाह इस्लामिक तरीके से संपन्न किया और समारोह में 5 जिलो के करीब 10 से 15 हजार समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान निकाह कराते हुए मौलाना इरफान अजीज, हाफिज अखलाक, मौलाना इमरान आदि ने शादी बंधन में बंधे समाज के 58 जोड़ो समझाइश देते हुए कहा की मियां-बीवी के बीच पूर सुकून माहौल होना चाहिए, जो आपसी भरोसे और समझ के बिना मुमकिन नहीं है।

### उपचार वातावरण होगा अधिक अनुकूल

# जिला अस्पताल के सभी वार्डों में प्रशासन ने लगवाए एसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पताल के सभी 19 वार्डों को वातानुकूलित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे मरीजों को अब बेहतर एवं अनुकूल उपचार वातावरण प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 50 एयर कंडीशनर क्रय किए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्थापित किया जाएगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत प्रदान करेगी तथा नियंत्रित तापमान के कारण मरीजों की रिकवरी में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वार्डों में तापमान नियंत्रण की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संक्रमण के जोखिम में कमी आएगी तथा मरीजों को आरामदायक वातावरण मिलेगा। अस्पताल के विभिन्न वार्डों जैसे मेडिसिन, सर्जिकल, पीडियाट्रिक, आईसीयू सहित अन्य विभागों में एसी स्थापित किए जाने से सभी वर्ग के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही नवजात एवं गंभीर रोगियों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

# रेसाई बांध परियोजना की अधिग्रहित भूमि से रात में अवैध मिट्टी उत्खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रेसाई बांध परियोजना के अंतर्गत ग्राम पीलूखेड़ी एवं तुर्कीपुरा की अधिग्रहित भूमि से रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी निकाले जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 से 12 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश शासन द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से इस भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसका मुआवजा भी किसानों को 2 से 3 वर्ष पूर्व दिया जा चुका है। इसके बावजूद, सूत्रों के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा किसानों से एग्रीमेंट कर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक जेसीबी मशीनों से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। खुदाई की गई मिट्टी को ट्रैक्टर एवं डंपर के माध्यम से सीहोर, शाजापुर एवं राजगढ़ जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह मिट्टी विशेष रूप से ईंट निर्माण कार्य में उपयोग के लिए सप्लाई की जा रही है। अवैध परिवहन का यह सिलसिला नेशनल हाईवे के साथ-साथ नगर के मुख्य मार्ग एवं बायपास से भी जारी है। हैरानी की बात यह है कि जिन मार्गों से यह परिवहन हो रहा है, वहीं पुलिस एवं राजस्व विभाग की नियमित गश्त भी रहती है, इसके बावजूद पूरी रात चलने वाले इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही खुदाई के कारण कई स्थानों पर जमीन करीब 60 फीट तक गहरी खोदी जा चुकी है। इसके चलते न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि भविष्य में सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि या तो प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानकारी होने के बावजूद अनदेखी की जा रही है। मामले को लेकर एसडीएम सुशील कुमार एवं कार्यपालिका तहसीलदार विराट अवस्थी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

**इनका कहनाः**

यदि इस प्रकार का अवैध उत्खनन हो रहा है, तो संयुक्त टीम बनाकर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सुनीता कुमारी, नायब तहसीलदार, कुरावर**

# सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ वर्षों पुराने गड्ढों से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित पंडितवाड़ी क्षेत्र में वर्षों से जर्जर सड़क और गड्ढों की समस्या से जूझ रहे रहवासियों को अब राहत मिलने जा रही है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद गोपाल पाल,संतोष सोनी,संजय शर्मा ,अप्पू अनिल रुण्डवाल, सत्तू सोनी सहित नपा कर्मी गोकुल पुष्पद गौरव शर्मा वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद कार्य प्रारंभ होते ही वार्ड में उत्साह का माहौल देखा गया। लंबे समय से खराब सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती थी। अब सीसी सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्ड की स्वच्छता और सौंदर्य में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराया जाएगा।

# राजगढ़ के शायर सत्येंद्र भारिल्ल को मिला 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के ख्यात ग़ज़लकार सत्येंद्र भारिल्ल को राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एक ऑडिटोरियम में आयोजित 57वें अंतरराष्ट्रीय शंकर-शाद मुशायरे में देश के उभरते शायर के रूप में शंकर-शाद विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह गरिमामय आयोजन गत दिवस आयोजित हुआ जिसमे देश-विदेश के चुनिंदा शायरों और साहित्यप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए देशभर के 500 से अधिक शायरों में से श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया गया, जिसमें सत्येंद्र भारिल्ल को यह सम्मान प्राप्त होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। समारोह के दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध फिल्म लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर, ख्यात शायर वसीम बरेलवी, शीन काफ़ निज़ाम तथा डीसीएम श्रीराम समूह के प्रबंध निदेशक माधव श्रीराम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर उर्दू अदब की दुनिया के कई प्रतिष्ठित नामों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

इनमें इक़बाल अशहर, अज़हर इक़बाल, शकील आज़मी, राजेश रेड्डी, शबीना अदीब, हिना रिज़वी, सैफ़ निज़ामी, जुबेर अली ताबिश, तंज़-ओ-मिज़ाह के शायर श्री तंग तथा लंदन से पधारे शायर हिलाल फरीद प्रमुख रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने शिरकत कर मुशायरे का आनंद लिया। सत्येंद्र भारिल्ल की इस उपलब्धि से राजगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। साहित्यिक जगत ने सफलता को नई पीढ़ी के शायरों का प्रेरणास्त्रोत बताया है।

### सेन जयंती पर खुजनेर में निकलेगा चल समारोह, विधायक को दिया निमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में सर्व सेन समाज एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और क्षेत्र के आसपास गांवों में घर-घर जाकर समाजबंधुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है।इसी क्रम में समाजजनों ने राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है समिति द्वारा सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### भारतीय सेना में 24 साल सेवा देने बाद घर वापसी

# सेना से सेवानिवृत्त हवलदार सौलंकी का नगर से निकलते समय किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भारतीय सेना से 24 वर्षों की सेवा देने के बाद हवलदार की रैंक से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव देवरी लौट रहे कमल सिंह सोलंकी का नगर में स्वागत किया। नगर की सीमा में आगमन पर डीजे और वीर सैनिक के गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्ग से खिलचीपुर नाका इंदर चौराहा माचलपुर होते हुए जुलूस के रूप में लाया गया, जहां पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, कुशाल मंडलोई सहित जनप्रतिनिधियों ने खिलचीपुर नाका पर पहुंचकर गर्म जोशी से फौजी का स्वागत किया! लोगों के इस अगाध प्रेम से भावुक हुए कमलसिंह ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में तैनाती के दौरान उन्हें हमेशा अपनी मिट्टी व समाज की याद आती थी, लेकिन आज जो सम्मान उन्हें मिला है, वह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके आगे आगे पहले से सेवानिवृत भारतीय सेना जवान मोटर साइकिल से चल रहे थे। नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहा पर प्रकाश चौहान मित्र मण्डली ,इंदर चौराहा पर अरविन्द बंसल मित्र मण्डली , बजरंग दल मित्र मण्डल , महर्षि पब्लिक स्कूल के सामने प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवनारायण दांगी , दिलीप राठौर , मां सरस्वती एकेडमी ने भावभीना स्वागत किया तत्पश्चात कोडक्या , बाड़गांव , लखोनी गांव होते हुए गांव देवरी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने जोश हर्षोल्लास से स्वागत किया।

### एक बीघा की फसल जलकर हुई राख

# खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम धतरावदा में एक खेत में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते खेत में रखी फसल नष्ट हो गई। यह आग 33 केवी विधुत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब एक बीघा में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि धतरावदा निवासी गिरधारीलाल गुर्जर के खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी। पास ही करण सिंह गुर्जर के खेत में रखा गेहूं का भूसे और करीब 20 पाइप छड़ी 33 केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

# महादेव मित्र मंडल की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सत्य अटल है उसे झुठलाया नहीं जा सकता। संस्था धार्मिक, सामाजिक कोई भी हो या राजनीतिक प्रत्येक क्षेत्र में महादेव मित्र मंडल के सदस्य नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। यह बात मुख्य अतिथि नगर के प्रबुद्धजन पंडित प्रेम शंकर पांडे, साहित्यकार पंडित सत्यनारायण शर्मा काका , पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने स्थानीय महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिवार रात्रि को वटकेश्वर महादेव मंदिर मे संगठन विस्तार विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहीं। बैठक का शुभारंभ महादेव का स्मरण करते हुए जय घोष के साथ किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर के अध्यक्ष छठवीं बार सर्वसम्मति से निर्वाचित महादेव मित्र मंडल के वरिष्ठ सलाहकार लक्ष्मी नारायण त्रिकार का एवं सर्व ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित , मंडल के ही सदस्य आशुतोष वैद्य का महादेव मित्र मंडल की ओर से साफा एवं दुपट्टा एवं शाल पहना कर पुष्प माला से सम्मानित किया। यहां उल्लेखनीय है सम्मान व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का होता है। इस दौरान मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया हमें गर्व है कि हमारे मंडल के सदस्य अन्य संस्थाओं का नेतृत्व करते हुए समाज सेवाएं कर रहे हैं। संगठन के ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला ने बताया एक अच्छा मजबूत संगठन स्पष्ट भूमिका मजबूत संचार और बेहतर समन्वय के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर वरिष्ठ सलाहकार त्रिकार ने कहा युवाओं को पूर्ण ऊर्जा और कर्तव्य निष्ठा से आगे आना होगा बैठक में कार्यों की समीक्षा हो, कमियों को बताए ताकि वह दूर हो सके। पूर्व अध्यक्ष संजय विजयवर्गी ने संगठन में सहयोगात्मक भावना का होना जरूरी है।

# बेजुबानों के लिए महिलाओं ने बांटे पानी रखने सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के विजयवर्गीय समाज की महिलाओं के द्वारा गर्मियों को ध्यान में रखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए वितरित करवाए गए सकोरे(जलपात्र)। नगर एवं जिले के सभी व्यक्तियों से आव्हान किया गया की आप भी इस दिशा में सार्थक कदम उठाए।।

## खबर संक्षेप

### 95 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 6 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 95 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

### उपार्जन केन्द्र प्रभारियों एवं ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण आज

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। गेहूं उपार्जन कार्य के संबंध में 7 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में उपार्जन केन्द्र प्रभारियों एवं ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 को आयोजित होगा

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे। आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 10 को होगी संपन्न

**सीहोर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सहकारी संस्थायें, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

---

### आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों ने नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा को सौंपी ट्रक की चाबी

# अनूठी पहल: नगर पालिका आष्टा को सीएसआर मद से भेंट किया 14 टन का भारी लोडिंग वाहन

**नगर का कचरा संग्रहण कर ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से हमीदखेड़ी स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड पर एकत्रित किया जाता है, जिसमें समय और आर्थिक क्षति निकाय को होती थी। ट्रक के उपलब्ध होने से नपा द्वारा कचरा ट्रांसफर पाईंट स्थापित किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा






नगर विकास के बढ़ते कदम में नगरपालिका ने एक नई उपलब्धि हासिल कर विकास की नई दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए नगर को स्वच्छता कार्य हेतु एक नवीन ट्रक की सौगात दी है। यह एक सराहनीय पहल है जहाँ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाया जा रहा है। आईडीबीआई बैंक द्वारा हमारी नगरपालिका को दिया गया एलपीटी 1416 ट्रक शहर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होगा।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में नपा के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा उपस्थित नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ क्षैत्रीय महाप्रबंधक महेशचंद्र करी, उपमहाप्रबंधक राजेश ग्रेवाल, सहायक महाप्रबंधक अचल जैन, शाखा प्रबंधक शाहिद हफीज खान का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज हमारे आष्ठा नगर के लिए बहुत खुशी का दिन है। हम सभी जानते हैं कि एक स्वच्छ शहर ही स्वस्थ समाज की नींव होता है, लेकिन स्वच्छता बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ-साथ सही संसाधनों का होना भी आवश्यक है। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत नगरपालिका को 14 टन क्षमता का टाटा एलपीटी 1416 ट्रक प्रदान किया है। इस वाहन के शामिल होने से शहर के कचरा संग्रहण और परिवहन कार्य में गति आएगी।

आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक महेशचंद्र करी, उपमहाप्रबंधक राजेश ग्रेवाल ने कहा कि आईडीबीआई बैंक द्वारा सीएसआर के माध्यम से शासकीय सिविल अस्पताल, शासकीय विद्यालयों में इस तरह के सहयोग किए जाते रहे है। यह पहला अवसर है कि नगरीय निकाय में ट्रक जैसी सुविधा उपलब्ध करवाने का अवसर बैंक को मिला है।

#### कचरा ट्रांसफर पाईंट होगा स्थापित

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसआरद मद के तहत प्रत्येक कंपनी अथवा बैंक अपने वार्षिक मुनाफे का कुछ प्रतिशत सामाजिक कार्यों में व्यय करती है। उसी के चलते आईडीबीआई बैंक द्वारा एलपीटी 1416 शक्तिशाली 14 टन क्षमता का लगभग 24 लाख 50 हजार रूपये की लागत का ट्रक प्रदान किया गया है जो अपने आपमें एक बड़ी सौगात है। क्योंकि किसी भी बैंक द्वारा इतनी बड़ी सौगात अन्य नगरपालिकाओं को अभी तक नही दी गई है। सीएमओ श्री प्रजापति ने यह भी कहा कि नगर का कचरा संग्रहण कर ट्रेक्टर-ट्रालियों के माध्यम से हमीदखेड़ी स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड पर एकत्रित किया जाता है, जिसमें समय और आर्थिक क्षति निकाय को होती थी। ट्रक के उपलब्ध होने से नपा द्वारा कचरा ट्रांसफर पाईंट स्थापित किया जाएगा, जिसमें ट्रेक्टर-ट्रालियों की मदद से नगर का कचरा संग्रहित कर प्राप्त ट्रक के माध्यम से ट्रेचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। मैं आईडीबीआई बैंक के प्रबंधन को नगर की जनता की ओर से हृदय से धन्यवाद देता हूँ। हम बैंक को विश्वास दिलाते हैं कि इस संसाधन का उपयोग जनहित में और शहर को नंबर-1 बनाने में किया जाएगा। इस अवसर पर नपा में नेताप्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, अतीक कुरैशी, शेख रईस, जाहिद गुड्डू, पूर्व हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, पत्रकारगण सुशील संचेती, कमल पांचाल, ओमकार मालवीय, राज बोड़ाना के साथ ही नपा अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। उपस्थितजनों का आभार सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने व्यक्त किया तथा संचालन कुशलपाल लाला द्वारा किया गया।

---

## पाठशाला के बच्चों ने किया मुनिश्री विनंद सागर का पाद प्रक्षालन, आज होगा 1008 पुष्पदंत भगवान विधान




**आष्टा।** रविवार को नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, अरिहंतपुरम अलीपुर में धर्म सभा प्रारंभ होने के पूर्व वहां पर विराजमान मुनिश्री विनंद सागर मुनिराज के पाद प्रक्षालन का लाभ अलीपुर मंदिर पाठशाला के बच्चों ने श्रद्धाभाव से प्राप्त किया। इस अवसर पर शास्त्र भेंट करने का लाभ पाठशाला की शिक्षिका बहनों ने लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पाठशाला की बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण से हुई। इसके पश्चात बालक-बालिकाओं ने चैत्य वंदना पर आधारित भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अपने प्रवचन में मुनिश्री विनंद सागर मुनिराज ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से धर्म पाठशाला भेजें। उन्होंने कहा कि पाठशाला ही बच्चों को गलत मार्ग पर जाने से रोकती है और उन्हें धर्म, संस्कार एवं सदाचार की ओर प्रेरित करती है।मुनिश्री ने आगे कहा कि जैन धर्म के सिद्धांतों को समझकर और भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है।

#### आज होगा 1008 पुष्पदंत (सुविधिनाथ) भगवान विधान

वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव की मंगल बेला में अरिहंतपुरम मंदिर में पहली बार संगीतमय 1008 श्री पुष्पदंत (सुविधिनाथ) भगवान विधान का आयोजन सोमवार 6 अप्रैल को किया गया है। यह आयोजन ओमप्रकाश जैन-निर्मला जैन, जितेंद्र जैन-अंकिता जैन, विजेंद्र जैन-मोनिका जैन एवं विशाल जैन-रुचि जैन द्वारा मुनिश्री के सानिध्य में आयोजित किया है। अरिहंतपुरम मंदिर व्यवस्था समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन अमलाह वाले ने बताया कि 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, 7:30 बजे शांतिधारा एवं 8 बजे नित्य नियम के साथ विधान पूजन प्रारंभ होगा। मुनिश्री के श्रीमुख से अर्घ्य बोलकर श्रद्धालुजन विधान में अर्घ्य समर्पित करेंगे।

---

## जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम जांगड़ा को जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग सीहोर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। घनश्याम जांगड़ा कि नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार एवं साथियो द्वारा साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया।

पूर्व नपा अध्यक्ष परमार ने कहा कि हमारी पार्टी ने पूर्व पार्षद प्रतिनिधि हमारे साथी घनश्याम जांगड़ा को जिला कांग्रेस सीहोर अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त कर कांग्रेस को मजबूती देने वाला कार्य किया गया है। निश्चित तौर पर उनकी नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी को सीहोर जिले में विशेषकर अनुसूचित जाति वर्ग में मज़बूती मिलेगी और श्री जांगड़ा कांग्रेस पार्टी कि रीती नीति को जन जन तक पहुंचाने में विशेष योगदान करेंगे। जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा ने स्वागत समारोह में कहा कि मैं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार सहित वरिष्ठ नेतृत्व का ह्रदय से आभारी हुँ साथ ही आपका एवं सभी शुभचिंतको मैरे सामजिक बन्धुओं का आभारी हूँ साथ ही विश्वास दिलाता हूं की पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास करके इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी हैं उसे मैं पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन कर पार्टी के हित में कार्य कर निरंतर पार्टी कि मज़बूती के लिए कार्य करता रहूँगा मैं आप सभी को यह विश्वास दिलाता हूँ। आत्मीय सम्मान समारोह का संचालन सकल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने किया एवं युवा नेता अर्जुन सिंह अजय द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कचनेरिया, युवा साथी नीलेश परमार उपस्थित रहे।

---

## सीवन पुत्र, सीवन पुत्री, मजदूर भाई, जूना गुजराती दर्जी समाज व संडे का सुकून टीम उतरी मैदान में



**सीहोर।** हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत टीम रविवार को इतिहास बनाने उतरी टीम। मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम,जूना गुजराती दर्जी समाज एवं संडे सुकून टीम का जैसे ही जलकुंभी अभियान शुरु हुआ। मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और साथ में सामाजिक संगठनों द्वारा देखते ही देखते बीस ट्रॉली से ज्यादा जलकुंभी निकाली गई ।

आज राजकुमार सोनी, भूरा भैया का एक अलग ही रूप दिखा,सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मजदूरों का नेतृत्व करते रहे खुद भी नदी में उतर गए और लगभग से आठ ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकाली गई, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह माँ की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस अवसर पर सीवन पुत्र मुकेश राय,शिव बारात अध्यक्ष लोकेश सोनी, दिनेश चावड़ा, सुधीर सोनी, दीपक दलोदिया, विनीत गोयल, अशोक गांधी, अरुण चावड़ा, नितेश जायसवाल, उमेश चावड़ा, राजेश परिहार, देवेंद्र परिहार, श्याम मेहता, राम मेहता, सीवन पुत्री में ज्योति चावड़ा, सोनिया सोनी, यति बाथम, तेजस्विनी सोनी, मानसी सोनी, प्रति सोनी उपस्थित रहे ।

मजदूरों के सम्मान के मुख्य अतिथि के रूप में जूना गुजराती समाज के अध्यक्ष श्याम मेहता, मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के जिला संयोजक रमाकांत शर्मा, दामोदर वंशी गुजराती सहकारी समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महेश्वरी उपस्थित रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन दायिनी माँ सीवन नदी में वर्तमान में जो जल संग्रहित है, उस पानी को जलकुंभी सबसे ज्यादा शोख रही है, यदि समय इस अनुपयोगी जल कुंभी को नदी से निकाल दिया जावेगा तो नदी का संग्रहित पानी मुख वधिर पशु, पक्षी के पीने के काम तो आयेगा ही साथ ही शहर के अधिकतर पानी के स्त्रोतों का जल स्तर बड़ेगा। मैं पुत्र सीवन का, मै पुत्री सीवन की अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है और लोग इस जन आंदोलन से लगातार सतत रूप से जुड़ रहे हैं क्योंकि यह जन्म और मरण का प्रश्न है जल होगा तो जीवन होगा वरना जीवन संकट में होगा।

---

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**बुधनी।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को मंडल कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय को आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों एवं विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगामी 9 अप्रैल को सलकनपुर में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग तथा 11 अप्रैल को रायसेन में आयोजित कृषि मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता अर्जुन मालवीय, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, सतीश गुप्ता,किशन मालवीय,लेखराम यादव,सत्येंद्र शर्मा, धीरेंद्र तिवारी, मांगीलाल यादव, पंकज जाट,विशाल खत्री,अजीत सिंह राजपूत,मनीष बाजपेयी,विनोद शिवहरे,राहुल रिटोरिया,अनीश राजपूत,करण खत्री, सूरज सेंगर, निमंतराम प्रजापति, रामदास मालवी, तरुण यादव,विनोद शर्मा,मुकेश नायर, नीना गुप्ता एवं मुकेश अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### शासकीय महाविद्यालय में जागरुक करने के लिए किया प्रेरित

## मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम संकेतों पर व्याख्यानमाला की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में राष्ट्रीय कार्यबल के तत्वावधान में आत्महत्या की रोकथाम से संबंधित चेतावनी संकेतों पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय रहते संकेतों की पहचान कर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में आत्महत्या के कारणों, इसके चेतावनी संकेतों तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि हम समय रहते व्यवहार में आए बदलाव, अवसाद, अकेलापन या निराशा जैसे संकेतों को पहचान लें, तो कई अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं। समाज, परिवार और शैक्षणिक संस्थानों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. शर्मिला गांगले रहीं। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विषय के सहायक प्राध्यापक श्री राकेश कुमार सोलंकी द्वारा किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे विद्यार्थी सकारात्मक सोच अपनाएं और किसी भी कठिन परिस्थिति में उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर नीतू परवाल,प्रीति कुशवाहा,भीमसेन मालवीय, डॉ. विजय कुमार यादव सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शर्मिला गांगले ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

---

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान संपन्न हुआ




**जावर।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के अन्तर्गत भाजपा मंडल जावर का प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल जावर में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल कर विधिवत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता क्रमशः प्रशिक्षण अभियान के जिला प्रभारी विकास विरानी आनंद पटेल, बाबूलाल पटेल, गोपाल सिंह इंजीनियर विधायक, भूपेंद्र सिंह सिसोदिया, ललित नागौरी, धारा सिंह पटेल थे अध्यक्षता आजाद सिंह कप्तान ,संजय अजमेरा, राजेंद्र केशव, मंजू वैद्य ,जय सिंह ठाकुर ने की सभी वक्ताओं ने विषय से संबंधित सभी जानकारियां कार्यकर्ताओं को बताई एवं पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक पार्टी के सिद्धांत एवं विचारधारा के बारे में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया सभी अतिथियों का स्वागत जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर ,धर्मेंद्र मालवीय ने किया कार्यक्रम का सफल संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने किया आभार प्रशिक्षण वर्ग के सह प्रभारी दयाराम परिहार ने व्यक्त किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों ने कार्यकताओं के साथ सहभोज किया।